स्वतंत्र चेतना

एम्स में अंतर्राष्ट्रीय नर्स सप्ताह का शुभारंभ

स्वतंत्र चेतना

ऋषिकेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स ऋषिकेश में नर्सिंग सर्विसेज एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय नर्स सप्ताह–2026 का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के संदेश के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान की कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोफेसर (डॉ.) मीनू सिंह द्वारा पौधरोपण अभियान के माध्यम से की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण का होना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधरोपण कर धरती को हरा–भरा बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नर्सें मरीजों की देखभाल, सेवा और उपचार प्रक्रिया में अहम योगदान देकर स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाती हैं। कार्यक्रम में संस्थान के संकायाध्यक्ष अकादमिक प्रोफेसर (डॉ.) सौरभ वार्ष्णेय, चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ.) बी. सत्यश्री, मुख्य नर्सिंग अधिकारी डॉ. अनीता रानी कंसल, डॉ. जेवियर बेल्चियल, डॉ. रवि कुमार, चंद राम, मुकेश पाल, कपिल जोशी एवं महावीर सहित नर्सिंग कॉलेज के संकाय सदस्य, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में कमलेश चंद्र भैरवा, मनीष शर्मा, आशुतोष शर्मा, डीसी मीणा, श्रीनाथ, रामकुमार, आस्था, रविन कुमार बिश्नोई, पल्लवी गौतम एवं मोहित कुमार शर्मा सहित आयोजन समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

अमर उजाला

स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका महत्वपूर्ण

ऋषिकेश। एम्स में नर्सिंग सर्विसेज एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय नर्स सप्ताह-2026 का आयोजन किया गया। पर्यावरण के संरक्षण, संवर्द्धन के संदेश के साथ संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने पौधरोपण अभियान से सप्ताह की शुरूआत की। प्रो. मीनू ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नर्सें मरीजों की आवश्यकताओं को समझते हुए विभिन्न जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर बेहतर रोगी देखभाल सुनिश्चित करती हैं। इस मौके पर प्रो. सौरभ वार्ष्णेय, प्रो. बी.सत्यश्री, डॉ. अनीता रानी कंसल, डॉ. रवि कुमार, चंदराम, मुकेश पाल, कपिल जोशी, महावीर आदि शामिल रहे। संवाद

हिन्दुस्तान

'नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत कड़ी'

■ एम्स ऋषिकेश में अंतरराष्ट्रीय नर्स सप्ताह का किया गया शुभारंभ

ऋषिकेश, वरिष्ठ संवाददाता। एम्स ऋषिकेश में नर्सिंग सर्विसेज एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स सप्ताह शुरू हो गया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. मीनू सिंह ने पौधरोपण अभियान से सप्ताह की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहतर पर्यावरण का होना नितांत आवश्यक है, लिहाजा धरती को पेड़-पौधों से आच्छादित करने का सभी को नैतिक संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नर्सें मरीजों की आवश्यकताओं को समझते हुए विभिन्न जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर बेहतर रोगी देखभाल सुनिश्चित करती हैं तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। कार्यक्रम के आयोजन में डीएनएस कमलेश चंद्र भैरवा, फैकल्टी कॉलेज ऑफ नर्सिंग मनीष शर्मा, एएनएस आशुतोष शर्मा, एएनएस डीसी मीणा, एएनएस श्रीनाथ, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी रामकुमार, आस्था, रविन कुमार बिश्नोई, पल्लवी गौतम, मोहित कुमार शर्मा आदि का सहयोग रहा। संस्थान के संकायाध्यक्ष अकादमिक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्यश्री, मुख्य नर्सिंग अधिकारी डॉ. अनीता रानी कंसल, फैकल्टी सदस्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग डॉ. जेवियर बेल्चियल, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रवि कुमार, वित्त एवं मुख्य लेखा अधिकारी चंद राम, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मुकेश पाल, लेखा अधिकारी कपिल जोशी, कार्यवाहक कार्यपालक अभियंता महावीर सहित नर्सिंग कॉलेज के संकाय सदस्य मौजूद रहे।